## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा खाद्य प्रणालियों को सुरक्षित करने में पशु चिकित्सा समुदाय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।
2. पानी की कमी को देखते हुए प्रशासन ने कुंआ मालिकों से जलापूर्ति में सहयोग करने की अपील की है।
3. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्षा, वसंथा ने कल अपने पद की शपथ ली– अध्यक्षा एक वर्ष का कार्यभार संभालेंगी।
4. दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने लंबित भूमि परिवर्तन के मामलों के निपटान में तेजी लाने के लिए एक विशेष पहल की शुरूआत की है।

<><><><><><><>

आज विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सभी पशु चिकित्सकों, पैरा–पशु चिकित्सकों शुभकामनाएं दी है। इस वर्ष का विषय 'पशु चिकित्सकः भोजन और स्वास्थ्य के रक्षक', है। उप–राज्यपाल ने कहा कि खाद्य प्रणालियों को सुरक्षित करने में पशु चिकित्सा समुदाय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने द्वीपसमूह के विशिष्ट और पारिस्थितिक रूप से समृद्ध वातावरण में, 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। उप–राज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि पशु चिकित्सक नए संकल्प के साथ अपने सराहनीय कार्य को जारी रखेंगे और एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक समृद्ध समाज में योगदान देंगे।

<><><><><><><>

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय के अनुसार, जनगणना 2027 के लिए देशभर में टोल फ्री नंबर 1855 सक्रिय हो गया है। इस हेल्पलाइन से मकान सूचीकरण और आवास जनगणना संबंधी मार्गदर्शन लिया जा सकेगा है। ये सूचना क्षेत्रीय भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध होगी।

<><><><><><><>

उत्तर–पूर्वी मानसून की कमी के कारण दक्षिण अंडमान क्षेत्र वर्तमान में पानी की कमी का सामना कर रहा है। द्वीप प्रशासन सभी घरों में निरंतर पाइप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में पेयजल की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिन घरों में बोरवेल और खोदे गए कुएं हैं, उनसे प्रशासन ने अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा तैनात जल टैंकरों को अतिरिक्त पानी निकालने की अनुमति देने की अपील की हैं, इच्छुक कुआं मालिक सहयोग के लिए प्रातरापुर और विम्बर्लीगंज कार्यपालक अभियंता, से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, सभी प्रधानों, पंचायत समिति सदस्यों और जिला परिषद सदस्यों से ऐसे बोरवेलों की पहचान करने का अनुरोध किया है। इस बीच, लोक निर्माण विभाग के आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिंदे ने मुख्य अभियंता और अन्य अधिकारियों के साथ हाल ही में कैडलगंज क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान लगभग 60 लाख लीटर भंडारण क्षमता वाले एक प्राकृतिक तालाब की पहचान की गई। क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बढ़ाने की आवश्यकता को देखते हुए, आयुक्त ने अंडमान लोक निर्माण विभाग को तालाब के पानी को उपचारित करने और इसे कैडलगंज के मौजूदा पेयजल नेटवर्क से जोड़ने का निर्देश दिया। विभाग ने इस स्रोत का उपयोग करने के लिए तुरंत प्रक्रिया शुरू कर दी।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित समुद्री सुरक्षा और तटीय पुलिसिंग पर पांच दिवसीय कार्यशाला का कल समापन हो गया। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल की अध्यक्षता में विदाई सत्र आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य भारत के तटीय और समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए आईपीएस व दानिप्स रैंक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के समकक्ष अधिकारियों की क्षमता, अंतर–एजेंसी समन्वय और परिचालन तत्परता को मजबूत करना था। कार्यशाला में समुद्री सुरक्षा से जुड़ी समुद्री सुरक्षा अवधारणाएं, तटीय सुरक्षा संरचना, समुद्री कानून और खुफिया जानकारी जुटाना, तटीय गश्त, अवैध शिकार विरोधी अभियान, निगरानी तंत्र और आपदा प्रतिक्रिया विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। राष्ट्रीय तटीय पुलिसिंग अकादमी गुजरात, भारतीय तट रक्षक और भारतीय नौसेना की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक ने कहा कि अंडमान–निकोबार जैसे द्वीपों में समुद्री सुरक्षा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान इस तरह के कार्यशाला हर महीने आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग, ने कल श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्षा, वसंथा को पद की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्षा ने संविधान को अक्षुण्ण रखने और पूरी ईमानदारी तथा समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। जिला उपायुक्त ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुए और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में श्री विजयपुरम में नागरिक प्रशासन और सार्वजनिक सेवा वितरण को और मजबूती मिलेगी। शपथ ग्रहण समारोह में जिला प्रशासन के अधिकारी, पार्षद और नगरपालिका परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे। अध्यक्षा पांचवें वर्ष के लिए नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष के रूप में एक वर्ष का कार्यभार संभालेगी।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पांचवें वर्ष के कार्यकाल के चुनाव के लिए 27 अप्रैल को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 7 मई को सुबह 10 बजे जिला परिषद सम्मेलन कक्ष, में आयोजित होगी। जिला परिषद के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने श्री विजयपुरम तहसील के अंतर्गत शहीद द्वीप से संबंधित लंबित भूमि परिवर्तन के मामलों के निपटान में तेजी लाने के लिए एक विशेष पहल की शुरूआत की है। इसका मुख्य उद्देश्य सेवा वितरण में सुधार और लंबित मामलों की संख्या को कम करना है। कल आयोजित हुए इस राजस्व शिविर की अध्यक्षता सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव ने की। कार्यवाही के दौरान, वर्ष 2015 से मार्च 2026 तक के कई पुराने और लंबे समय से लंबित मामलों पर सुनवाई की गई। यह पहल दूरदराज के द्वीप क्षेत्रों में कुशल शासन, पारदर्शिता और त्वरित शिकायत निवारण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ाने और लंबित पड़े मामलों को निपटाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से चाथम आरा मिल में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मिल के श्रमिकों और अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और प्रतिभागियों को आवश्यक चिकित्सा जांच सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में लगभग 35 प्रतिभागियों ने स्वेच्छा से विभिन्न बीमारियों के परीक्षण के लिए अपना

पंजीकरण कराया। इस दौरान प्रतिभागियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा डॉ. जहानआरा यास्मीन, ने नियमित स्वास्थ्य जांच का महत्व, और समय पर उपचार की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग के समन्वय से 27 और 28 अप्रैल को आधार शिविर का आयोजन करेगा। शिविर राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। शिविर में 0–5 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों का नया आधार नामांकन, 5 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। विभाग ने सभी संबंधितों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

<><><><><><><>

पैंथर–1 और पैंथर–2 टाई लाइनों को अलग करने का कार्य किए जाने के चलते श्री विजयपुरम और आसपास के क्षेत्रों में आज बिजली की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। कटौती सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक की जाएगी। इस दौरान लाइनों के पास स्थित खतरनाक पेड़ों की कटाई और उन्हें हटाने का काम भी किया जाएगा।

<><><><><><><>